| केन्द्रीय विद्यालय संगठन, तिनसुकिया संभाग |
|---|
| **पूर्व परिषदीय परीक्षा 2025-26**<br>**विषय – हिन्दी पाठ्यक्रम ‘अ’ (कोड-002)**<br>**कक्षा – दसवीं** |
| **समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 80** |

सामान्य निर्देश (General Instructions):
निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उनका पालन कीजिए :-

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं-क, ख, ग, घ |
- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।
- यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- खंड ‘क’ में कुल 2 प्रश्न है, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है, |
- खंड ‘ख’ में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है|
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न है, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है |
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न है, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं |
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |

| प्रश्न क्र. | **खंड – क अपठित बोध (बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न)** | 14 |
|---|---|---|
| **1** | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए** | 7 |
| | आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक उपलब्धियों के शोर में प्राचीन और पारंपरिक ज्ञान पद्धतियों को लगभग भुला दिया गया है। उनमें से कुछेक की याद तब आती है, जब कोई बड़ा वैज्ञानिक तथ्य किसी लोक परम्परा से जा जुड़ता है। हमारे देश में अब भी अनेक स्थानों पर प्राचीन ज्ञान-परम्पराएँ विद्यमान हैं, जिन्हें लोक ने सहेज रखा है। भारत में कई ऐसे गाँव हैं, जहाँ हजारों वर्षों तक ज्ञान-परम्पराएँ फलती-फूलती रही हैं। आज भी उन्हें ज्ञान-परंपरा होने की मान्यता तक प्राप्त नहीं है। लेकिन अगर आप उस समाज के अवचेतन में गहरे उतरने की क्षमता रखते हैं, तो यह समझने में देर नहीं लगेगी कि ज्ञान-परम्पराएँ मरती नहीं हैं। कालक्रम में उन पर धूल की परतें जरूर जम जाती हैं और उनका स्थानांतरण चेतन से अवचेतन में हो जाता है। वहाँ के लोग उन ज्ञान-परम्पराओं से जुड़े होते हैं। उनके दैनिक जीवन, पर्व-त्योहार और शादी-ब्याह (विवाह) के विधि-विधानों, रीति-रिवाजों में उन ज्ञान-परम्पराओं की उपलब्धि मिल जाएगी।<br>बिहार के मिथिला में ऐसे कई गाँव हैं, जहाँ न्याय और मीमांसा की परम्पराएँ अब भी जीवित हैं। इनकी शास्त्रीय परम्पराएँ तो फलती-फूलती रहीं लेकिन लौकिक परम्पराओं का कोई सटीक अध्ययन नहीं हुआ। फिर भी लौकिक परम्पराओं के अध्ययन से लगता है कि यह पूरी जीवन प्रणाली थी। मिथिला क्षेत्र के कई गाँवों में न्याय और मीमांसा के बड़े विद्वान हुए हैं। शायद उनका होना ही इस बात का प्रमाण है कि इन गाँवों के अवचेतन में इन परम्पराओं का वास होगा।<br>ज्ञान-परंपरा से जुड़ी एक ऐसी जगह है, पटना के पास खगौल शहर के निकट का एक गाँव तारेगना। पाँचवीं शताब्दी में इस जगह का नाम कुसुमपुर से खगौल उस समय हो गया, जब आर्यभट्ट ने इसे अपना कार्यक्षेत्र बनाया। जिस गाँव में रहकर आर्यभट्ट ने आकाश में ग्रह-नक्षत्र और तारों की स्थिति का अध्ययन किया था, उसका नाम तारेगना पड़ गया। एकाएक जुलाई 2009 में तारेगना के बारे में दुनिया को तब पता चला, जब नासा ने घोषणा की कि इस जगह से उस बार के पूर्ण सूर्यग्रहण को देखना संभव हो पाएगा। खास बात है कि आज भी खगौल में आर्यभट्ट का जन्मदिन मनाने की परंपरा है और उनसे जुड़ी अनेक कहानियाँ हैं।<br>स्रोत- मणीन्द्र नाथ ठाकुर का “जनसत्ता” में छपे लेख से उद्धृत है। | |
| **(क)** | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।<br>कथन (A): समाज के अवचेतन मन में ज्ञान-परम्पराएँ आज भी उपस्थित हैं। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | कारण (R): भारत में ऐसे भी कई गाँव है जहाँ आज भी दैनिक जीवन, पर्व-त्योहार, रीति-रिवाजों के अवसर पर ज्ञान-परम्पराओं को देखा जा सकता है।<br>(i) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।<br>(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है \|<br>(iii) कथन (A) सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(iv) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| **(ख)** | तारेगना क्यों प्रसिद्ध है? कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br>(1) उसे आर्यभट्ट ने अपना कार्यक्षेत्र बनाया था।<br>(2) आर्यभट्ट ने यहाँ तारों व ग्रह-नक्षत्रों का अध्ययन किया था।<br>(3) वह पटना के पास है।<br>(4) वहाँ से खगोल घटनाओं का अध्ययन किया जा सकता है।<br>विकल्पः<br>(i) कथन 1 सही है। (ii) कथन 1 व 2 सही हैं।<br>(iii) कथन 1, 2 व 3 सही हैं। (iv) कथन 4 सही है। | **1** |
| **(ग)** | नीचे दिए हुए कॉलम I को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए- | **1** |

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| I. पूर्ण सूर्यग्रहण | 1. खगौल |
| II. आर्यभट्ट | 2. 2009 |
| III. कुसुमपुर | 3. तारेगना |

(i) I (1), II (2), III (3) (ii) I(1), II (3), III (2)
(ii) I (3), II (1), III (2) (iv) I (2), II (3), III (1)

| | | |
|---|---|---|
| **(घ)** | 'न्याय और मीमांसा की परंपराएँ अब भी जीवित हैं'- इस तथ्य की पुष्टि के लिए लेखक ने कहाँ का उदाहरण दिया है और क्यों? | **2** |
| **(ङ)** | तारेगना के बारे में दुनिया को कब और कैसे पता लगा? | **2** |
| **2** | **निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-** | **7** |

हो मन के अनुकूल
उसे ही सुख कहते हैं,
मन से जो प्रतिकूल
उसे ही दु:ख कहते हैं
गमनागमन किया करते हैं
इच्छा के वाहन में
आते हैं जाते हैं
सुख-दु:ख इस जीवन में ।

दूल्हे जैसा सर्वप्रतीक्षित
सुख आता है
अनचाहे मेहमान सरीखा
दुख जाता है
एक गया तो दूजा आया
पड़ें न उलझन में
आते हैं जाते हैं
सुख-दु:ख इस जीवन में।

सुख फूलों-सा मनमोहक
सुंदर दिखता है
फिर दुःख आता है तो
काँटों-सा चुभता है
एक हँसाता एक रुलाता
क्रमशः मन के वन में
आते हैं जाते हैं
सुख-दु:ख इस जीवन में।

दोनों का ही कुछ स्वतंत्र
अस्तित्व नहीं है
और किसी का कुछ भी स्थायित्व नहीं है
दुःख भोगा सुख की तलाश में
मिला न तन-धन में
आते हैं जाते हैं
सुख-दु:ख इस जीवन में।

स्रोत :- कवि शास्त्री नित्यगोपाल कटारे की कविता "सुख-दुख इस जीवन में"

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | कवि ने सुख को 'दूल्हे जैसा सर्वप्रतीक्षित कहा है, क्योंकि-<br>(i) सुख दूल्हे की तरह आकर्षक लगता है।<br>(ii) दूल्हा एक निश्चित उम्र पर पहुँचने पर ही मिलता है, उसी तरह सुख भी निश्चित समय पर मिलता है।<br>(iii) विवाह के समय सब लोग जिस प्रकार दूल्हे की प्रतीक्षा करते हैं, उसी तरह लोग जीवन में सुख की प्रतीक्षा करते हैं।<br>(iv) दूल्हे के लिए जिस प्रकार की भावनाएँ मन में होती हैं, वैसी ही भावना | 1 |
| **(ख)** | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए –<br><br>कथन (A) : जीवन में सुख और दुःख दोनों का बराबर का स्थायित्व है।<br>कारण (R) : सुख-दुःख जीवन में आते-जाते रहते हैं।<br><br>(i) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत हैं ।<br>(ii) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(iii) कथन (A) व (R) सही हैं, और कथन (A), (R) की सही व्याख्या है।<br>(iv) कथन (A) व (R) सही हैं, और कथन (A), (R) की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |
| **(ग)** | कवि हमें उलझन में न पड़ने की सलाह दे रहे हैं क्योंकि कवि के अनुसार- नीचे दिए कथनों को पढ़कर उचित विकल्प चुन कर लिखो :<br>(1) सुख फूलों जैसा मनमोहक दिखता है।<br>(2) मानव जीवन में सुख और दुःख का आना-जाना लगा रहता है।<br>(3) एक दूल्हे जैसा आता है और एक अनचाहे मेहमान जैसा चला जाता है।<br>(4) सुख और दुःख दोनों का स्वतंत्र अस्तित्व है।<br>विकल्प -<br>(i) कथन (1) व (4) सही हैं। (ii) कथन (1) व (2) सही हैं।<br>(iii) कथन (2) व (3) सही हैं। (iv) कथन (3) व (4) सही हैं। | 1 |
| **(घ)** | काव्यांश के अनुसार सुख-दुःख का वाहन क्या है ? | 2 |
| **(ङ)** | कवि के अनुसार मनुष्य दुःख क्यों भोगता है ? | 2 |
| | **खंड - ख ( व्यावहारिक व्याकरण )** | **16** |
| **3** | **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** | **4x1=4** |
| **(क)** | सोने की चिड़िया कहा जाने वाला देश भारत है। रचना के आधार पर वाक्य का कौन सा भेद है ? लिखिए। | |
| **(ख)** | एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है \| - सरल वाक्य में बदलिए \| | |
| **(ग)** | जब बालगोबिन भगत खेतों की रोपाई कर रहे थे, तब लोग उन्हें कनखियों से देख रहे थे । वाक्य में आश्रित उपवाक्य का कौन सा भेद है ? लिखिए | |
| **(घ)** | बुद्धिमान और दूरदर्शी मनुष्य के लिए संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं है । - वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए। | |
| **(ङ)** | कठोर बनकर भी सहृदय बनो। - वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए। | |

| 4 | **निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** | **4x1=4** |
|---|---|---|
| **(क)** | सैनिकों द्वारा देश की रखवाली की जाती है। (कर्तृवाच्य में बदलिए) | |
| **(ख)** | पानवाला कहानी सुनाता है। (कर्म वाच्य में बदलिए) | |
| **(ग)** | सोनम ने बहुत अच्छा गाना गाया। इसमें कौन-सा वाच्य है ? | |
| **(घ)** | किस वाच्य में सदैव अकर्मक क्रिया का प्रयोग होता है ? | |
| **(ङ)** | मैं चल नहीं सकता।(भाव वाच्य में बदलिए) | |

| 5 | **निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** | **4x1=4** |
|---|---|---|
| **(क)** | मेरी बात पर वह **<u>बहुत</u>** हँसा। रेखांकित पद का पद-परिचय लिखिए। | |
| **(ख)** | **<u>मनुष्य</u>** की सबसे बड़ी पूंजी उसका ज्ञान है। रेखांकित पद का पद-परिचय लिखिए। | |
| **(ग)** | दिल्ली **<u>भारत</u>** की राजधानी है। रेखांकित पद का पद-परिचय लिखिए। | |
| **(घ)** | महक जल्दी घर **<u>पहुँच गई</u>** \| - रेखांकित पद का पद-परिचय लिखिए। | |
| **(ङ)** | घंटी बजी है **<u>कोई</u>** आया है। रेखांकित पद का पद-परिचय लिखिए। | |
| 6 | **निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** | **4x1=4** |
| **(क)** | है वसुंधरा बिखेर देती, मोती सबके सोने पर- पंक्ति में कौनसा अलंकार है? लिखिए- | |
| **(ख)** | पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल से पग धोये \|- पंक्ति में कौन सा अलंकार है? लिखिए- | |
| **(ग)** | रूपक अलंकार की परिभाषा लिखिए ? | |
| **(घ)** | पीले पत्तों की शैया पर, तुम विरक्ति सी, मूर्छा सी, विजन विपिन में कौन पड़ी हो- पंक्ति में कौनसा अलंकार है? लिखिए- | |
| **(ङ)** | उसके बाल काले बादलों जैसे लगते हैं,<br>मानो रात ने अपनी चादर बिछा दी हो - पंक्ति में कौन सा अलंकार है? लिखिए - | |
| | **खंड – ग ( पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )** | **30** |
| 7 | **निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-** | **5x1=5** |
| | जो शब्द सबसे कम समझ में आते हैं और जिनका उपयोग होता है सबसे अधिक; ऐसे दो शब्द हैं सभ्यता और संस्कृति। इन दो शब्दों के साथ जब अनेक विशेषण लग जाते हैं, उदाहरण के लिए जैसे- भौतिक-सभ्यता और आध्यात्मिक-सभ्यता, तब दोनों शब्दों का जो थोड़ा बहुत अर्थ समझ में आया रहता है, वह भी गलत-सलत हो जाते हैं। क्या यह एक ही चीज़ है अथवा दो वस्तुएँ? यदि दो हैं तो दोनों में क्या अंतर है? हम इसे अपने तरीके पर समझने की कोशिश करें।<br>कल्पना कीजिए उस समय की जब मानव समाज का अग्नि देवता से साक्षात् नहीं हुआ था। आज तो घर-घर चूल्हा जलता है। जिस आदमी ने पहले- पहल आग का आविष्कार किया होगा, वह कितना बड़ा आविष्कर्त्ता होगा।<br>अथवा कल्पना कीजिए उस समय की जब मानव को सुई-धागे का परिचय न था, जिस मनुष्य के दिमाग में पहले-पहल बात आई होगी कि लोहे के एक टुकड़े को घिसकर उसके एक सिरे को छेदकर और छेद में धागा पिरोकर कपड़े के दो टुकड़े एक साथ जोड़े जा सकते हैं, वह भी कितना | |

| | | |
|---|---|---|
| | बड़ा आविष्कर्ता रहा होगा। | |
| **(क)** | कौन से दो शब्द सबसे अधिक उपयोग होते हैं?<br>(i) भौतिक सभ्यता (ii) सभ्यता और संस्कृति<br>(iii) संस्कृति तथा विज्ञान (iv) सभ्यता तथा समाज | |
| **(ख)** | लेखक ने सबसे बड़ा आविष्कर्ता किसे कहा है- कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br>1. आग का आविष्कार करने वाले को 2. सुई-धागे का आविष्कार करने वाले को<br>3. विनाश के साधन बनाने वाले को 4. मारकाट के साधन बनाने वाले को<br>विकल्पः<br>(i) कथन 1 सही है (ii) कथन 1, 2 व 3 सही है<br>(iii) कथन 1 व 2 सही हैं (iv) कथन 1,3 व 4 सही है | |
| **(ग)** | सभ्यता और संस्कृति क्या है ?<br>(i) दोनों एक ही हैं। (ii) दोनों अलग हैं।<br>(iii) दोनों में गहरा सम्बन्ध है। (iv) दोनों में कोई सम्बन्ध नहीं है। | |
| **(घ)** | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।<br><br>कथन (A): सुई-धागे का आविष्कार करने वाला व्यक्ति अवश्य ही संस्कृत व्यक्ति रहा होगा।<br>कारण (R) : कदाचित् भूख शांत करना और खाना पका कर खाना ही आग और सुई-धागे के आविष्कार की मूल प्रेरणा रही होगी।<br><br>(i) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।<br>(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(iii) कथन (A) सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(iv) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| **(ङ)** | गद्यांश के अनुसार भौतिक सभ्यता का सम्बन्ध किससे है?<br>(i) धर्म और कर्म से (ii) हमारे रहन-सहन व खान-पान से<br>(iii) विनाश के साधन से (iv) अन्धविश्वास के साधन से | |
| **8** | **निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए** | **3X2=6** |
| **(क)** | बालगोबिन भगत के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | |
| **(ख)** | लेखक ने नवाब साहब के सामने की बर्थ पर बैठकर भी आँखें क्यों चुराई ? 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर लिखिए | |
| **(ग)** | लेखिका मन्नू भंडारी अपनी माँ को अपना आदर्श क्यों नहीं बना सकी ? | |
| **(घ)** | बिस्मिला खां काशी छोड़ना क्यों नहीं चाहते थे ? कोई दो कारण लिखिए\| | |

| 9. | **निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-** | **5x1=5** |
|---|---|---|
| | मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती<br>वह आवाज़ सुन्दर कमज़ोर काँपती हुई थी<br>वह मुख्य गायक का छोटा भाई है<br>या उसका शिष्य<br>या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार<br>मुख्य गायक की गरज में<br>वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से<br>गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में<br>खो चुका होता है<br>या अपनी ही सरगम को लाँघकर<br>चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में<br>तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है<br>जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान<br>जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन<br>जब वह नौसिखिया था | |
| **(क)** | मुख्य गायक की आवाज़ कैसी होती है ?<br>(i) डरावनी (ii) रौबीली (iii) चट्टान जैसी भारी (iv) बहुत कमज़ोर | |
| **(ख)** | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।<br>कथन (A): संगतकार अपनी आवाज़ मुख्य गायक की आवाज़ में मिलाकर उसके आत्मविश्वास को बढ़ाता है।<br>कारण (R): संगतकार का मुख्य गायक के साथ मानवता का संबंध होता है।<br>(i) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।<br>(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(iv) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| **(ग)** | मुख्य गायक का साथ देते हुए संगतकार उसे क्या याद दिलाना चाहता है-<br>कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br>1. उसका बचपन 2. उसका नौसिखियापन<br>3. उसकी जटिल तान 4. उसका भारी स्वर<br>विकल्पः<br>(i) कथन 1 व 2 सही हैं (ii) कथन 1,3 व 4 सही हैं<br>(iii) कथन 2 सही है (iv) कथन 1, 2 व 4 सही हैं | |
| **(घ)** | कवि ने इन पंक्तियों में किसके महत्व को बताया है ?<br>(i) साज-सामान के (ii) मुख्य गायक के<br>(iii) अच्छे वाद्य यंत्रों के (iv) संगतकार के | |
| **(ङ)** | मुख्य गायक के अनहद में पहुँचने पर संगतकार उसकी किस प्रकार सहायता करता है ?<br>(i) स्थिति को सँभालकर<br>(ii) अपनी आवाज़ को मुख्य गायक की आवाज़ के साथ जोड़कर | |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) अच्छे वाद्य यंत्रों को बजाकर<br>(iv) अंतरे को ऊँचे सुर में गाकर | |
| **10.** | **निर्धारित पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए** | **3X2=6** |
| **(क)** | 'हारिल की लकड़ी' किसे और क्यों  कहा गया है ? | |
| **(ख)** | धनुष के टूट जाने पर लक्ष्मण ने परशुराम के समक्ष क्या तर्क दिए ? | |
| **(ग)** | 'आत्मकथ्य' कविता में स्मृति को 'पाथेय' कहने से कवि का क्या आशय है ? | |
| **(घ)** | 'उत्साह'कविता में कौन विकल और उन्मन थे और क्यों? | |
| **11.** | **पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** | **2X4=8** |
| **(क)** | 'माता का अँचल' पाठ में माता-पिता का बच्चे के प्रति जो वात्सल्य प्रकट हुआ है, उससे बच्चे में किन-किन गुणों का विकास होगा ? | |
| **(ख)** | 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं के फ़हराने के बारे में बताया गया है यह कार्य किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है? | |
| **(ग)** | देश के संवेदनशील युवा नागरिक की हैसियत से आपकी  विज्ञान का दुरुपयोग रोकने में क्या भूमिका हो सकती है ? अपने शब्दों में लिखिए \| | |
| | **खंड-घ (रचनात्मक लेखन)** | **20** |
| **12.** | **निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए:** | **1x6=6** |
| | **(क) एक भारत, श्रेष्ठ भारत**<br>* योजना का प्रारम्भ कब ?<br>* ऐसी योजनाओं की आवश्यकता क्यों ?<br>* विद्यालयों में इसे कार्य रूप में कैसे लाया गया ?<br>* प्रभाव<br>**(ख) स्वच्छता आन्दोलन**<br>* स्वच्छता आन्दोलन क्यों<br>* बदलाव<br>* हमारा उत्तरदायित्व<br>**(ग) पर्वों / त्योहारों का बदलता स्वरूप**<br>* तात्पर्य<br>* परंपरागत तरीके<br>* बाज़ार का बढ़ता प्रभाव | |
| **13.** | (क) अपने शहर में बिजली कटौती से उत्पन्न समस्याओं का उल्लेख करते हुए किसी लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए \| | **1x5=5** |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>(ख) आपके मित्र/सहेली ने राज्य स्तर पर 100 मीटर रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त कर आपके विद्यालय का नाम रोशन किया है, उसे बधाई देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए \| | |
| **14** | (क) आप अजय/अंजलि हैं \| आप शारीरिक शिक्षा-विज्ञान में स्नातक(ग्रेजुएशन) परीक्षा पास कर चुके हैं\| आपको गुरुकुल विद्या निकेतन, ऋषिकेश उत्तराखंड में आवेदन करना है \| इसके लिए लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत तैयार कीजिए \|<br>**अथवा**<br>(ख) आपके क्षेत्र में कुछ मोटरसाइकल सवार लड़के बहुत तेज गति से बाइक चलाते और हॉर्न बजाते हुए जाते है जिससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है \| इसकी सूचना देते हुए अपने क्षेत्र के पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर को ई-मेल लिखिए \| | **1x5=5** |
| **15** | (क) 'ज्योति आई केयर' संस्था गरीबों की आँखों की निशुल्क जाँच के लिए कैंप लगवाना चाहती है \| इसके लिए आप एक विज्ञापन तैयार कीजिए \|<br>**अथवा**<br>(ख) साहसिक कार्य के लिए आपके मित्र/सहेली को जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया है इसके लिए अपने मित्र/सहेली को लगभग 40 शब्दों में बधाई सन्देश लिखिए \| | **1x4=4** |

:::::::: समाप्त ::::::::::